त्वचा उत्पाद सुरक्षा: हाइड्रोक्विनोन

हाइड्रोक्विनोन सामग्री युक्त त्वचा को गोरा करने वाले उत्पाद नुकसान पहुंचा सकते हैं।

क्या आप जानते हैं?

त्वचा को गोरा करने वाले **हाइड्रोक्विनोन** उत्पाद यू.एस. में ओवर-द-काउंटर बिक्री के लिए **एफडीए** द्वारा अनुमोदित **नहीं** हैं।

हाइड्रोक्विनोन त्वचा को गोरा करने वाले उत्पादों में एक सक्रिय सामग्री है जिसका उपयोग निम्न के लिए किया जाता है:

- असमान त्वचा टोन को ठीक करना
- काले धब्बे, दाग-धब्बे और झुर्रियों को दूर करना रें

इन उत्पादों के उपयोग से गंभीर दुष्प्रभाव बताए गए हैं:

- त्वचा मलिनकिरण (ओक्रोनोसिस) जो स्थायी हो सकता है
- चकत्ते
- चेहरे की सूजन

सुरक्षित रहें!

एक लाइसेंस प्राप्त स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता द्वारा निर्धारित किए जाने पर केवल हाइड्रोक्विनोन युक्त त्वचा उत्पादों का उपयोग करें

गैर-नुस्खा निर्धारित त्वचा उत्पादों को खरीदने या उपयोग करने से पहले, हाइड्रोक्विनोन के लिए उत्पाद लेबल की जांच करें।



त्वचा संबंधित तथ्य प्राप्त करें! **www.fda.gov/SkinFacts** पर जाकर त्वचा उत्पाद सुरक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

SkinFacts! What You Need to Know About SKIN LIGHTENING PRODUCTS

FDA U.S. FOOD & DRUG ADMINISTRATION

त्वचा उत्पाद सुरक्षा: मरकरी (पारा)

U.S. FOOD & DRUG ADMINISTRATION

मरकरी (पारा) युक्त त्वचा को गोरा करने वाले उत्पाद नुकसान पहुंचा सकते हैं।

क्या आप जानते हैं?

एफडीए ने त्वचा को गोरा करने वाले उत्पादों में मरकरी (पारा) के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

मरकरी (पारा) युक्त त्वचा उत्पाद का उपयोग करने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, जैसे:

- आंखों, फेफड़ों और गुर्दे को नुकसान
- पाचन, प्रततिक्षति और तंत्रिका तंत्र को नुकसान
- त्वचा पर चकत्ते और संक्रमण
- भूरे-ग्रे रंग की त्वचा मलिनकिरण

मरकरी (पारा) विषाक्तता से कोमा और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है।

मरकरी (पारा) की पहचान करने वाले शब्दों के लिए उत्पाद घटक लेबल की जाँच करें:

- मरक्यूरिअस क्लोराइड
- कैलोमल
- मरक्यूरिक
- मरक्यूरिओ
- एचजी

इन सामग्रियों वाले उत्पादों का उपयोग या खरीद न करें।

यदि आप या आपके परिवार में कोई व्यक्ति पारे के संपर्क में आया है:

ज़हर नियंत्रण को **1-(800)-222-1222** पर कॉल करें और अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से तुरंत संपर्क करें

अपने हाथ और अपने शरीर के अन्य हिस्सों को अच्छी तरह धो लें जो मरकरी (पारा) के संपर्क में रहे हैं।

अपने स्थानीय खतरनाक अपशिष्ट केंद्र पर मरकरी (पारा) वाले त्वचा उत्पादों का निपटान करें।

त्वचा संबंधित तथ्य प्राप्त करें! **www.fda.gov/SkinFacts** पर जाकर त्वचा उत्पाद सुरक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

SkinFacts!
What You Need to Know About
SKIN LIGHTENING PRODUCTS

त्वचा उत्पाद सुरक्षा: असुरक्षित उत्पादों की पहचान करना

U.S. FOOD & DRUG ADMINISTRATION

हाइड्रोक्विनोन या मरकरी (पारा) युक्त त्वचा को गोरा करने वाले उत्पाद नुकसान पहुंचा सकते हैं। इन उत्पादों की ओवर-द-काउंटर बिक्री यू.एस. में अवैध है। खरीदने से पहले सामग्रियों की पहचान करने के लिए त्वचा उत्पाद लेबल पढ़ें।

सावधान

एफडीए को हाइड्रोक्विनोन या मरकरी (पारा) युक्त कॉस्मेटिक और गैर-नुस्खा निर्धारित (ओवर-द-काउंटर) त्वचा उत्पादों के उपयोग से गंभीर दुष्प्रभावों की रिपोर्ट मिली है। इन उत्पादों की बिक्री यू.एस. में अवैध है।

पहचान

त्वचा को गोरा करने वाले उत्पादों की पहचान इस तरह के विवरणों से की जा सकती है:

1. त्वचा गोरा करने वाला साबुन
2. त्वचा इवनिंग लोशन
3. त्वचा गोरा करने वाला पाउडर
4. धब्बे ठीक करने वाली क्रीम
5. कैमिकल (रासायनिक) पील

त्वचा की स्थिति का इलाज करने के लिए जैसे कि:

- मेलास्मा
- मुंहासे
- झाईयां
- झुर्रियाँ

जाँच

त्वचा गोरा करने वाले उत्पाद खरीदने या उपयोग करने से पहले, यह देखने के लिए लेबल की जांच करें कि इसमें हाइड्रोक्विनोन या मरकरी (पारा) है या नहीं।

मरकरी (पारा) को इस प्रकार भी सूचीबद्ध किया जा सकता है:

- मरक्यूरिअस क्लोराइड
- कैलोमल
- मरक्यूरिक
- मरक्यूरिओ
- एचजी

एफडीए इन उत्पादों के उपयोग के खिलाफ सलाह देता है और उपभोक्ताओं को उपचार के विकल्पों के बारे में स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से परामर्श करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

बिना लेबल वाले उत्पादों, हाथ से बने लेबल या अंग्रेजी में न लिखे लेबल वाले उत्पादों से बचना सुनिश्चित करें।

www.fa.gov/SkinFacts पर जाकर त्वचा उत्पाद सुरक्षा के बारे में त्वचा संबंधित तथ्य प्राप्त करें!

SkinFacts! What You Need to Know About SKIN LIGHTENING PRODUCTS

FDA